## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

18वीं लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इससे महिलाओं के मत का प्रतिशत बढ़ेगा।

ममता देवी, मुखिया, देवरी खुर्द पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू।

## मूक-बधिर बालक की मदद करें : टुटू सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र का निवासी, मूक-बधिर बालक, बिहार के कटिहार जिले में भटकता हुआ मिला है। कटिहार दौरे पर गए पलामू जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने संबंधित बच्चे से मुलाकात की है। बच्चे ने अपना नाम राजू बताया है और उसके पिता किसी पाटन के किसी मोटर गैराज में काम करते हैं। आलोक कुमार सिंह ने पलामू जिले के निवासियों से अपील की है कि अगर कोई इस बच्चे को पहचानते हैं तो उसकी पूरी जानकारी देकर उसे घर पहुंचाने में मदद करें। संबंधित बच्चे का संपर्क नंबर 9431789384 है।



## ब्रेन हेमरेज से मजदूर की स्थिति गंभीर, रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी 55 वर्षीय मजदूर सुग्रीम राम की मंगलवार की रात स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी बुधवार को चिकित्सकों ने उनकी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि सुग्रीव राम मंगलवार की रात बेंगलुरु से काम करके घर वापस लौटे थे।

## वृद्ध को मधुमक्खियों ने काटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मधुमक्खियों के एक झुंड ने एक 70 वर्षीय वृद्ध यात्री कमेश कुमार को डंक मारकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। यात्री कजरी रेलवे स्टेशन पर बरकाकाना जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे थे, तभी अचानक मधुमक्खियों ने कजरी रेलवे स्टेशन पर हमला किया । वहां मौजूद अन्य यात्री तो भागकर अपने को मधुमक्खियों से अपने को बचाने में सफल रहे। लेकिन, कमेश कुमार मधुमक्खियों की चपेट में आ गए। बड़ी मुश्किल से उन्हें बड़काकाना जाने वाली ट्रेन में कजरी रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों ने चढ़ाया और डाल्टनगंज रेलवे अधीक्षक को इसकी जानकारी दी। रेल के अधिकारियों ने एक ऑटो रिक्शा को स्वयं भाड़ा देकर इन्हे एमएमसीएच डाल्टनगंज भेजा गया जहां उनका इलाज किया गया। इस घटना की पुष्टि करते हुए डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि यह पता नहीं चल पाया कि मधुमक्खियों ने आखिर अचानक कजरी रेलवे स्टेशन पर क्यों हमला किया और क्या किसी ने मधुमक्खी के छत्ते से छेड़छाड़ की है, लेकिन हमला अचानक था और सैकड़ो मधुमक्खियों ने एक साथ धावा बोला था। उन्होंने बताया कि यात्री उपचार के बाद सामान्य हो चुके हैं।

## मामूली विवाद में 45 वर्षीय अधेड़ को दबंगों ने लाठी डंडे से पीट कर किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के बेदानी गांव निवासी 45 वर्षीय रविशंकर राम को गांव के ही स्वर्गीय अनुज पांडे के पुत्र सत्यम पांडे और शिवम पांडे ने मामूली विवाद को लेकर लाठी-डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल रवि शंकर राम को इलाज के लिए तरहसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। इलाज के दौरान उनके सिर में छह टांके लगे हैं। वहीं उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद रविशंकर राम की पत्नी अनुराधा देवी के द्वारा घटना से संबंधित मामला तरहसी थाना में दर्ज करा दिया गया है। अनुराधा देवी ने पुलिस को बताया है कि 8 मार्च को रविशंकर राम अपने घर के बाहर मवेशी को खूंटी में बांध रहे थे। इसी बीच गांव के स्वर्गीय अनुज पांडे के पुत्र सत्यम पांडे और शिवम पांडे वहा पहुंचे और मवेशी बांधने को लेकर रवि शंकर से बहस करने लगे। झगड़ा इतना बढ़ गया कि रवि शंकर और सत्यम दोनों अपने घर से लाठी डंडा लेकर पहुंचे और रविशंकर को लाठी डंडा से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि झगड़ा होने के दूसरे दिन भी बोलेरो से एक व्यक्ति रविशंकर के घर पहुंचे और फिर से मारपीट करने की धमकी देने लगे। परिजनों ने बताया कि पुलिस को आवेदन देने के बाद भी अभी तक पुलिस के द्वारा दोषियों पर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही है। वही इस संबंध में तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित आवेदन मिलने के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की जांच में जुट गई है। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत दोषियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### झामुमो सचिव सहित अन्य मुस्लिम नेताओं ने ईद नहीं मनाने का लिया निर्णय

**मेदिनीनगर।** झामुमो सचिव सन्नू सिद्दिकी और अन्य मुस्लिम नेताओं ने प्रेस विज्ञपति जारी कर जानकारी दी की वो इस बार उन्होंने ईद नहीं मनाने का निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो के कार्यकताओं ने इस बार होली भी नहीं मनाई थी, जबकि होली मिलन समारोह झामुमो द्वारा धूमधाम से मनाई जाती थी। साथ ही सन्नू सिद्दिकी सहित सभी मुस्लिम नेताओं ने ईद नहीं मनाने का निर्णय लिया है। सचिव सन्नू सिद्दिकी ने बताया कि ईद की नमाज पढ़ना फर्ज है इसलिए ईद की नमाज पढ़ी जाएगी और हमारे नेता हेमंत सोरेन की सलामती दुआ भी की जाएगी। आज पूरे झारखंड वासियों के मन में उदासी है, इसलिए हम सबों ने मिलन समारोह नहीं करने का निर्णय लिया है। लेकिन जिस दिन माननीय हेमंत सोरेन जी जेल से बाहर निकलेंगे इस दिन हम सब होली, दिवाली और ईद एक साथ धूमधाम से मनाएंगे।झामुमो उपाध्यक्ष असफर रब्बानी ने कहा कि हमारे प्रिय नेता आज जेल में हैं और भाजपा द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है, परिवार का एक सदस्य हमारे साथ नहीं है, ऐसे में झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा ईद नहीं मनाने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि झामुमों के सदस्यों ने होली में भी होली नहीं मनाई थी।



## अस्पताल का आरो खराब, पानी के लिए भटक रहे मरीज



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। इस भीषण गर्मी में सदर अस्पताल में पानी की किल्लत से मरीज और परिजन काफी परेशान हैं। पानी के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा हैं। अस्पताल में लगा एक भी आरओ मशीन काम नहीं कर रहा है। इमरजेंसी कक्ष के सामने लगा आरो मशीन लगभग एक महीने से खराब पड़ा है। स्थिति यह है कि मरीज और उनके परिजन दुकान पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। बुधवार को सदर अस्पताल में पैर का इलाज कराने पहुंची छतरपुर गांव की महिला विमला देवी ने बताया कि अस्पताल में आधे घंटे से पानी खोज रहे हैं, परंतु कहीं नहीं मिल रहा।अंत में पता चला कि अस्पताल में आरो मशीन खराब है और पीने के पानी का अस्पताल परिसर में कहीं भी इंतजाम नही है। अंत में उन्होंने बाहर के दुकान से पानी मंगा कर अपनी प्यास बुझाई। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे अन्य मरीजों ने बताया कि सरकारी अस्पताल में अधिकतर गरीब मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां पानी न मिलना बड़ी समस्या है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज के परिजनो का कहना है कि मरीजों को दवा खिलाने के लिए भी उन्हें बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। इस समस्या की सुध लेने वाला कोई नहीं है। मालूम हो कि अस्पताल के मेंटेनेंस के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर राशि मुहैया करायी जाती है, लेकिन इन समस्या को देख कर अनुमान लगाया जा सकता है कि सदर अस्पताल में मेंटेनेंस का क्या हाल है। बताते चले कि यह समस्या कोई नयी नहीं है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए सदर अस्पताल प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा हैं। सदर अस्पताल में प्रतिदिन तीन सौ से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें पलामू जिले के अलावा आसपास के कई जिलों के मरीज यहां इलाज करवाने पहुंचते हैं। ज्यादातर मरीज गरीब तबके से जुड़े रहते हैं। दूरदराज के इलाकों से आने वाले मरीजों को सदर अस्पताल में दिनभर गुजारना पड़ता है। गर्मी में प्यास बुझाने के लिए व्याकुल मरीजों को पानी की तलाश के लिए भटकना पड़ता है।

### अस्पताल मैनेजर ने आरो में पानी नहीं भरने की बात कही

अस्पताल में आरो मशीन खराब होने की बात पूछे जाने पर अस्पताल के अधीक्षक डीके सिंह ने कहा कि अस्पताल में जो भी असुविधा होती है, उसकी देखरेख अस्पताल के मैनेजर को दी गई है। अस्पताल मैनेजर से बात करने पर उन्होंने बताया कि अस्पताल स्टाप के द्वारा आरो में पानी नहीं भरा गया होगा, जिसके कारण आरो में पानी नहीं आ रहा होगा । वहीं मरीजों का कहना है कि एक दिन हो सकता है आरो में पानी नहीं भरा गया हो , लेकिन प्रतिदिन मरीजों को आरो में पानी नहीं मिलता है, जिसके कारण मरीजों को बाहर पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ती है।

## दो ड्रग तस्करों को दस-दस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिनोद कुमार सिंह की अदालत ने ड्रग्स तस्कर को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा व एक लाख रुपए अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर एक बर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में कमलेश कुमार ने तीन लोग सतेंद्र सिंह, बबलू सिंह, व हरजीत यादव के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था ।जो सदर थाना कांड संख्या 59 सन 2021 दिनांक 14 सितम्बर 2021 को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइक्रोट्रॉपिक सब्सटांसिक एक्ट की धारा 15 व 22 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी ।अभियुक्तों पर आरोप था कि लाल रंग के ट्रैक्टर से डोडा लेकर जा रहे थे।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया व ट्रैक्टर से 41 बोरा डोड़ा बरामद हुआ था । तीनों अभियुक्त पर नारकोटिक ड्रग्स एन्ड साइक्रोट्रोपिक सबस्टांसिक एक्ट की धारा 15 के तहत दोषी पाते हुए सतेन्द्र सिंह, व बबलू सिंह को को 10 ,10 बर्ष सश्रम कारावास की सजा व एक ,एक लाख रुपए अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।इस मामले में अभियोजन के तरफ से स्पेशल पीपी एन डी पी एस केस के अनुराग सिंह ने बहस की थी।उन्होंने सरकार के तरफ से जोरदार पक्ष रखा था।एक अभियुक्त हरजीत यादव को पूर्व में ही साक्ष्य के अभाव में रिहा किया गया था।सतेंद्र सिंह पर एनडी पीएस 14अ/2021 व बबलू सिंह पर एनडी पीएस 14/2021 में दोषी पाते हुए सजा सुनाया गया हैं।




## चीतलों की निगरानी की जायेगी : कुमार आशीष



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वन प्रमंडल मनातू रेंज में चीतल देखे गए हैं। इस बात की पुष्टि मेदिनीनगर वन प्रमंडल पदाधिकारी कुमार आशीष ने की है। उन्होंने बताया कि मनातू से चतरा जाने वाले जंगल में दस की संख्या में स्वयं चीतल को देखा है। उन्होने बताया कि जंगल में पानी का स्त्रोत नहीं होने के कारण चीतल बस्ती और गांव की ओर जा रहे हैं। चीतल को हर हाल में प्रतिदिन 10 लीटर तक पानी चाहिए है। उन्होंने कहा कि मनातू के जंगल में देखे गए चीतलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वनरक्षकों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे जंगल पर नजर रखें और इस बात के लिए सावधान रहें कि कोई शिकारी जंगल में प्रवेश नहीं करें।

## शहर में धूमधाम से निकाला गया मंगलवारी जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महावीर नवयुवक दल जेनरल के नेतृत्व में धूमधाम से दूसरी मंगलवारी जुलूस निकाला गया। मंगलवारी जुलूस कोयल तट स्थित शिवाला घाट से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः अपने स्थान पर पहुंचा। मंगलवारी जुलूस का नेतृत्व महावीर नवयुवक दल के अध्यक्ष पंकज जयसवाल ने किया। इस दौरान राम भक्तो के द्वारा एक से बढ़कर एक करतब दिखाया जा रहा था। इधर, बेलवाटिका, हमीदगंज, सुदना सहित शहर के विभिन्न मुहल्लों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंगलवारी जुलूस निकाला गया। रेड़मा में रामनवमी पूजा का जुलूस निकाला गया। आजाद चौक स्थित बजरंग बली के मंदिर प्रांगण से निकलकर जुलूस रेड़मा के विभिन्न मार्ग का भ्रमण करते हुए पुनः चंद्रशेखर आजाद चौक पर पहुँच कर समाप्त हुआ। चंद्रशेखर आजाद चौक के सभी मार्ग में सड़क के दोनों ओर महावीरी झंडा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

### चैनपुर-शाहपुर में राम भक्तों का उत्साह चरम पर

रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चैनपुर-शाहपुर में श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के नेतृत्व मे मंगलवारकी रात मंगलवारीय जुलूस निकाला गया। शाहपुर मे गाजे-बाजे ढोल तासों व महावीरी झंडों के साथ जुलूस निकाला गया। शाहपुर में विवेकानंद चौक से निकाला गया। जुलूस के दौरान चौक-चौराहों पर पारंपरिक खेलों के करतब दिखलाए गए। जुलूस में राम भक्तों का उत्साह चरम पर था। शाहपुर का मंगलवारी जुलूस, गढ़वा रोड, बाजार मुहल्ला , शांति मुहल्ला, विवेकानंद नगर, कुम्हार मोहल्ला रोड होते रात 12 बजे बाजार मुहल्ला स्थित महावीर मंदिर पहुंचा। पूजा अर्चना के बाद जुलूस का समापन हुआ। मंगलवारी जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान,टीओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह,टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं, बल्कि न्याय पत्र है: बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** बुधवार दस अप्रैल को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से भाजपा में खलबली मची है। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक स्थानीय कांग्रेस भवन में पत्रकार सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं, बल्कि न्याय पत्र है । यह हर उसे समस्या का समाधान है। भाजपा मतों के ध्रुवीकरण के लिए सांप्रदायिक माहौल बनाने में माहिर है। यह चुनाव देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है, क्योंकि भाजपा को शुरू से ही देश के संविधान पर विश्वास नहीं था।

## नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा आजसू के एक प्रतिनिधि मंडल ने पलामू पुलिस अधीक्षक श्रीमती रीष्मा रमेशन को जिले में सक्रिय ड्रग्स पैडलर, ड्रग्स माफियाओं की सक्रियता पर कार्रवाई करने और युवाओं को ड्रग्स माफियाओं के चंगुल से दूर करने के लिए पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा मोर्चा के पलामू प्रभारी आभिरंजन तिवारी एवम अंकित सिंह के नेतृत्व में एसपी से मिले प्रतिनिधि मंडल ने पलामू में तेजी से बढ़ रहे ड्रग्स के कारोबार और युवाओं को ड्रग्स की लत लगाकर उनके भविष्य को बर्बाद कर रहे बेखौफ ड्रग पैडलर की ओर ध्यान आकृष्ट कराया । युवा मोर्चा की मांग है कि ड्रग्स पैडलर के खिलाफ त्वरित कार्यवाई के लिए स्पेशल दस्ते के गठन, स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मस्जिद सहित सभी धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में पान गुमटी, गुटखा, सिगरेट, चाय की दुकानों को अविलंब हटाने और सभी गुमटियों पर स्पेशल दस्ता के माध्यम से निगरानी रखने, नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान के बारे में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही जिले के सभी बॉर्डर क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच करने की जाए। युवा आजसू के पलामू प्रभारी आभिरंजन तिवारी कहा कि नशे ने कई परिवारों को तहस नहस कर दिया है। शासन प्रशासन को अविलंब इस मामले पर कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के उपरांत अंकित सिंह ने कहा कि हमनेंअति गंभीर विषय पर रांची एसपी से मिलकर पलामू में फल फूल रहे ड्रग्स के कारोबार पर रोक लगने और उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से युवा आजसू के अभिरंजन तिवारी, परवीन तिवारी, सचिन पांडेय, चिंटू सिंह प्रहलाद गुप्ता,पंकज बैठा एवं अन्य मुख्य से शामिल रहे।



## बच्चों व वृद्ध को कराया भोजन

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सेमरवार गांव स्थित हकीम मस्तान बाबा ने अपने घर पर बच्चों व वृद्ध लोगों को भोजन कराया। इसमें भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और फल व विभिन्न व्यंजन का लुत्फ उठाया। मौके पर सेमरवार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, शिक्षक सुरेश कुमार सिंह, समाजसेवी राणा पासवान, जितेंद्र पहलवान, रमेश पासवान, महेंद्र भुइयां समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर मुखिया जितेंद्र पासवान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पवित्र रमजान के महीने में बच्चों व वृद्धो को भोजन करना एक नेक काम है। वहीं हकीम मस्तान बाबा ने कहा कि इंसान एक ही है। जब इंसान का जन्म हुआ वह इंसान ही था, लोगों द्वारा ही धर्म बनाए गए हैं।

## स्टांप भेंडरो के स्टॉक पंजी जांच करने की मांग

### स्टाम्प भेंडरो के मनमानी से अधिवक्ता और आम नागरिक असंतुष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्टांप भेंडरो के मनमानी दर पर टिकट बिक्री किये जाने से अधिवक्ता वर्ग के साथ साथ आम जनमानस में आक्रोश व्याप्त है। विदित हो कि स्टांप वेंडर इन दोनों दुगने मूल्य पर टिकट की बिक्री खुलेआम कर रहे हैं। वही एक भी स्टाम्प भेंडर द्वारा स्टॉक पंजी नही लगाया गया है। इसके चलते ये लोग मनमानी पैसा लेकर टिकट उपलब्ध करा रहे है। यह स्थिति विगत दो माह से बना है परंतु इनलोगों के मनमानी का कोई सुधि लेने वाला नहीं है। कलेक्ट्रीयट से महज 500 मीटर की दूरी पर ही इस तरह का कार्य हो रहा है। वहीं जिला प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। स्टाम्प भेंडरखुलेआम टिकट की कालाबाजारी कर पैसे लूट रहे है। वह प्रशासन मुख्य दर्शक बना हुआ है। विदित हो कि स्टांप वेंडर के द्वारा टिकट उपलब्ध नहीं रहने का बहाना बनाकर दुगने मूल्य में टिकट बेचा जा रहा है । स्टांप भेंडरो से इस सम्बंध में जब पूछा गया तो उनका कहना है कि टिकट पड़ोसी राज्य से लाकर उपलब्ध करा रहे हैं। जबकि सभी स्टांप वेंडर के पास पर्याप्त मात्रा में टिकट उपलब्ध है, परंतु टिकट अनुपलब्धता का बहाना बनाकर दुगने मूल्य पर टिकट बिक्री कर रहे हैं। विदित हो कि टिकट का जरूरत कोर्ट में शपथ पत्र में नकल निकलने में हाजिरी में बेलबोंड में वे किसी तरह के सिविल व क्रिमिनल पिटीशन में लगाना पड़ता हैं। लगभग एक लाख रुपये की टिकट की बिक्री प्रतिदिन होती है। इस सम्बंध में पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने स्टांप वेंडर की स्टॉक पंजी जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। एक स्टांप भेंडर के द्वारा तो यह भी खुली चुनौती दी गई कि आपको जहाँ शिकायत करना है करें आप स्वतंत्र है। जिला प्रशासन जब टिकट उपलब्ध नही करा पा रहा है तो प्रशासन भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है । लोगों का कहना है कि अगर जिला प्रशासन स्टाम्प भेंडर के मनमानी पर करवाई नहीं करती है तो जरूरतमंद लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



## परेशानी

### पलामू में कई एटीएम हुए बंद, लोगों को नहीं मिल रही नगद राशि

## एक राष्ट्रीयकृत बैंक के मात्र दो से तीन एटीएम चालू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछले कुछ दिनों से पलामू में नोटबंदी के बाद जैसे हालात बनते दिख रहे हैं। लोगों के पास एक बार फिर से कैश का संकट हो गया है. कैश कम होने की वजह से मंगलवार को कई एटीएम बंद रहे। मिली जानकारी के अनुसार जिले में जितना कैश आना चाहिए; उतना नहीं मिल पा रहा है। मेदिनीनगर के एक राष्ट्रीयकृत बैंक के मुख्य शाखा में प्रतिदिन छह करोड़ की जरूरत होती है, लेकिन दो से तीन करोड़ राशि ही उपलब्ध हो पा रही है। बैंक करीब एक करोड़ की रकम ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहे हैं। यही हाल बैंक के अधिकतर शाखाओं का है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक के प्रबंधक ने नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जिले में कैश का संकट है। तय अनुपात के मात्र 20 प्रतिशत ही राशि उपलब्ध हो रही है। बैंक के अधिकारी ने बताया कि यह संकट एक महीने से है, धीरे धीरे यह संकट गहराता जा रहा है। वहीं सुरेंद्र नाम के स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि वे लगातार कई एटीएम गए, लेकिन उन्हें पैसा नहीं मिला। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी रकम और काम के लिए बैंक जाना आसान नहीं है। पलामू में 120 से अधिक एटीएम हैं, जिसमें से अकेले एक राष्ट्रीयकृत बैंक के 40 के करीब एटीएम हैं। 40 में मात्र दो से तीन एटीएम ही कार्य कर रहे हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र के अलग अलग कैश मैनेजमेंट होता है और सभी जगह कैश की की परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि नवरात्र शुरू हो गई है और ईद भी है। इसी बीच कैश का संकट है। नवरात्रि के बाद लगन भी शुरू हो जाएगा और तब भी कैश की समस्या रही तो परेशानी और बढ़ जाएगी।




## त्योहारों को पारंपरिक उत्साह और भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले भर में ईद, सरहुल व रामनवमी के त्योहार को पारंपरिक उत्साह,आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त श्री रंजन ने रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उक्त बातें शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने कही। उन्होंने कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि पर्व में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से बंद रखने पर बल दिया साथ ही सभी रामनवमी जुलूस को रात 10 बजे तक समाप्त करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था व पवित्रता के साथ मनाया जाता है यह सिलसिला जारी रहे। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों को अपने स्तर से भी असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की अपील की। बैठक में रामनवमी महासमिति के सदस्यों द्वारा बिजली व पेयजल से संबंधित उठाए गए समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम, बिजली विभाग व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जुलूस रुट में पड़ने वाले सभी तरह के समस्याओं का निराकरण कराने की बात कही। उन्होंने तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत निकलने वाले सभी जुलूस के साथ एक मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति करने व जुलूस के निगरानी हेतु सीसीटीवी लगाने, वीडियो ग्राफर की व्यवस्था रखने की बात कही। इसके पूर्व उन्होंने अनुमण्डलवार, अंचलवार तैयारियों की समीक्षा कर उनके द्वारा किये गये तैयारियों से अवगत हुए।



# ऑटो व कार की टक्कर में ऑटो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल, रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** गढ़वा रेहला मार्ग पर बुधवार को फरठिया मोड़ स्थित डेंटल कॉलेज मोड़ के पास ऑटो व कार की टक्कर में ऑटो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के सहिजना मोहल्ला निवासी सुनील राम चंद्रवंशी का पुत्र प्रिंस कुमार चंद्रवंशी, मदरसा रोड निवासी तबरेज सिद्दीकी का पुत्र जहांगीर सिद्धकी, पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के कुटुमू गांव निवासी श्रवन राम का पुत्र राहुल कुमार राम, जयराम पासवान का पुत्र धर्मेंद्र कुमार पासवान शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में घायल प्रिंस कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि सभी लोग एक ऑटो पर रेहला के बी



मोड़ से ऑटो पर सवार होकर गढ़वा आ रहे थे। उस दौरान डेंटल कॉलेज मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही कार से उसकी ऑटो में टक्कर हो गइ। उससे ऑटो पलट गया ऑटो पर सवार सभी घायलों को आसपास के लोगों के सहयोग से गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। इस दौरान प्रिंस कुमार चंद्रवंशी कुछ दूर पड़ा रहा।आधे घंटा तक बेहोशी हालत में वहां पड़ा रहा उसे होश आने के बाद प्रिंस कुमार चंद्रवंशी ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी इसके बाद परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर उसे घायल अवस्था में सदर अस्पताल लाया घटना के बाद कार चालक ने अपना गाड़ी छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया।

## एक नजर

### तीन सौ किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण किया गया



**खरौंधी ।** आत्मा की ओर से अरंगी पंचायत में बुधवार को 300 किसानों के बीच 12 क्विंटल मूंग बीज का वितरण किया गया। बीटीएम संतोष कुमार पाल ने बताया की सरकार किसानों को निःशुल्क मूंग का बीज दे रही है। दलहन फसल का पैदावार बढ़ाकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। मूंग की खेती करने से पूर्व किसान खेत को हल्की भूरभूरी युक्त जोताई करें। इसके पश्चात बीजोपचार करके बीज की बोआई करें। ताकि बीज सही ढंग से उग सके। मौके पर किसान मित्र अनिरुद्ध चौधरी किसान सुशील कुमार यादव, राजेंद्र बैठा, बबलू राम, आरती देवी, विजय राम, रामचरित्र मेहता, श्यामलाल मेहता आदि उपस्थित थे।

### कैलान खेत में सांप ने डंसा

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव निवासी बिंदेश्वर सिंह का पुत्र अजय कुमार सिंह सांप काटने से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि अजय कुमार सिंह अपनी गाय को लेकर खेत में बांधने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान उसके दाएं पैर में सांप ने उसे काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### युवती की फोटो वायरल गांव का युवक आरोपी

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी निवासी पारसनाथ भुइयां ने अपनी बेटी के फोटो खींच कर वायरल करने को लेकर गांव के ही युवक के खिलाफ थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल उनकी बेटी की शादी है। परंतु मेरे ही गांव का लड़का बसंत भुइयां पिता महेश भुइयां के द्वारा मेरी पुत्री का जबरजस्ती फोटो खींच कर फेसबुक पर वायरल कर दिया है और मेरे दामाद के धमकी दे रहा है कि मेरे गांव में बारात लेकर आओ तो मारेंगे। पारसनाथ भुइयां ने वसंत भुइयां, महेश भुइयां, गीता देवी पर प्राथमिकी दर्ज कर करवाई करने का अनुरोध किया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### 11वीं में प्रवेश के लिए 14 को छात्रवृत्ति परीक्षा

**भवनाथपुर ।** कक्षा दसवीं सत्र 2023-24 के जो छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा दे चुके हैं। उन सभी छात्रों के लिए डीएवी स्कूल भवनाथपुर की ओर से कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए 14 अप्रैल को छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें साइंस एवं कॉमर्स के सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंक लाकर छात्रवृत्ति का लाभ ले सकते हैं। परीक्षा सुबह 11 बजे दिन में ली जायेगी।

## चिनिया मार्ग पर बाइक दुर्घटना में एक घायल

**गढ़वा ।** चिनिया मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित हेलीपैड के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। घायलों में डंडई थाना क्षेत्र के तसरार गांव निवासी क्यामुद्दीन अंसारी उसका पुत्र समतुल्लाह अंसारी शामिल है। समतुल्लाह अंसारी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अपने घर से एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर गढ़वा में मजदूरी करने जा रहे थे। इसी दौरान कल्याणपुर स्थित हेलीपैड के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## बाइक पोल से टकराई, हादसे में एक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रहे खुर्द गांव निवासी चंद्रदेव शर्मा का पुत्र अनिल शर्मा उर्फ बबलू कुमार शर्मा मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि अनिल शर्मा अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर पास्ता गांव जा रहा था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक पोल से टकरा गई। घटना के बाद लोगों ने उसकी पहचान कर घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजनों ने घटनास्थल पहुंचकर अनिल शर्मा को घायल अवस्था में उठाकर गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर बनाए गए बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण



**श्री बंशीधर नगर ।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पलामू डीआईजी वाईएस रमेश और गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय बुधवार को झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर बनाए गए बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर सुरक्षा को देखते हुए गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय से सुरक्षा से संबंधित,वाहन चेकिंग,सीसीटीवी कैमरा, तथा चेक पोस्ट पर लगाए गए पुलिस पदाधिकारी के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत किया।पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया कि नगर उंटारी थाना क्षेत्र के झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर बनाए गए बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा से संबंधित,वाहन चेकिंग,सीसीटीवी कैमरा तथा चेक पोस्ट पर लगाए गए पुलिस पदाधिकारी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मौके पर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह,थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक,संजय पासवान तथा कई लोग मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड - छत्तीसगढ़ की सीमा पर चौकसी तेज कर दी गई

**बड़गड़ ।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा पर चौकसी तेज कर दी गई है। इसके मद्देनजर बड़गड़ पुलिस पिकेट के पास पुलिस द्वारा अस्थाई चेक पोस्ट स्थापित कर हर आने-जाने वाले लोगों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। साथ ही दोपहिया व चौपहिया वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। यहां बता दें कि झारखंड में लोकसभा के चुनाव चार चरणों में संपन्न होंगे जिसमें 13 मई को चौथे चरण के मतदान में पलामू में वोट पड़ेंगे। वहीं 7 मई को छत्तीसगढ़ में तृतीय चरण के मतदान शुरू होंगे। बड़गड़ पुलिस पिकेट के प्रभारी विजय शंकर राय ने बताया कि वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस मौके पर चौकीदार मोतीलाल सहित पुलिस पिकेट के जवान मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### साक्षरता कर्मियों ने प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के प्रति मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

**खरौंधी।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला साक्षरता समिति के निर्देश के आलोक में प्रखंड साक्षरता समिति खरौंधी के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। बुधवार को स्लोगन लेखन, मेहंदी व पेंटिग के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत अरंगी, खरौंधी, चन्दनी, राजी, सुंडी, करिवाडीह, सिसरी, कूपा, मझिगावां, खरौंधी आदि पंचायतों में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतदाताओं को लोक सभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। आकर्षक रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता लोगों के आकर्षण का केंद्र है। इस संबंध में खरौंधी प्रखण्ड समन्वयक रंजू गुप्ता ने बताया की स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों को जागरूक करना जरूरी है।पंचायत साक्षरता समिति के प्रेरकों, भीटी,साक्षरता कर्मियों के माध्यम से हर गांव व टोला में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। मौके पर प्रेरक सुशील कुमार यादव, पुनमलता कुमारी, संध्या कुमारी, संगीता देवी, रविता कुमारी, लीलावती देवी,ललिता देवी, माया आजाद सहित कई लोग उपस्थित थे।



### विधि व्यवस्था को ले प्रशासन ने की तैयारी

**गढ़वा ।** ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को लोगों ने सेवई, टोपी, कपड़ा आदि की जमकर खरीददारी की। इधर पुलिस प्रशासन भी सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में ईद संपन्न कराने को लेकर तैयारी कर रखी है। जबकि नगर पंचायत द्वारा भी शहर के सभी मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई तथा सड़कों की सफाई भी की गई। सेवई, टोपी आदि दुकानों पर दिन भर लोगों की भीड़ लगी रही। मदरसा रोड को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। शहर के सभी चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। वहीं मस्जिद के आसपास भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। नमाज के समय शहर में बड़े वाहनों पर भी रोक लगाया जाएगा। गढ़वा थाना प्रभारी केके साहू ने कहा कि शांतिपूर्ण ईद संपन्न कराने को लेकर सभी जगहों पर पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। साथ की दंडाधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

### एक हजार रुपये किलो तक बिका खजूर

**गढ़वा ।** ईद को लेकर शहर के मझिआंव मोड़ पर आकर्षक ढंग से सेवई व टोपी की दुकान सजाई गई थी। जहां लोगों ने जमकर खरीददारी की। इस वर्ष खजूर सबसे ऊंची दर एक हजार रुपये किलो तक बेचा गया। सेवई 60 रुपये से तीन सौ रुपये किलो, खजूर 80 रुपये से एक हजार रुपये किलो तक, टोपी पांच रुपये से तीन सौ रुपये तक, इत्र दस रुपये से लेकर एक सौ पचास रुपये तक तथा सुरमा पांच रुपये से लेकर 40 रुपये तक की शीशी बाजार में उपलब्ध है।

### पार्टी हित में संजय कुमार गौतम की वापसी से बसपा पार्टी को मजबूती मिली : नंदा पासवान

**मेराल।** बहुजन समाज पार्टी जिला कमिटी गढ़वा के तत्वाधान में वरिष्ठ बसपा नेता नथुनी राम के गढ़वा आवास पर पार्टी की बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर पार्टी से निस्कासित पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौत्तम को रांची प्रदेश कार्यालय में ससम्मान पूर्वक पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत गढ़वा जिला कमिटी ने स्वागत किया। बुधवार को जिला कमिटी द्वारा फूलमाला देकर संजय कुमार गौतम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के लिए अनुशासन में रहकर पार्टी द्वारा दिया गया कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। लोकसभा चुनाव में पलामू के सीट पर पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव जीता कर बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी के हाथों को मजबूत करेंगे। मौके परा नथुनी राम, वीरेंद्र साव, नंदा पासवान, ज्ञानी राम, बिगु राम, रामचंद्र राम, वीरेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया यमुना प्रसाद रवि, बसपा नेता छोटेलाल राम रंजीत कुमार, राहुल कुमार, प्रमोद राम, श्री राम रवि सहित जिला कमिटी के सभी लोगों ने संजय कुमार गौत्तम का गर्मजोशी से पार्टी में स्वागत किया गया।



## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करें : एसडीओ

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्घा ने बीएलओ, सुपरवाइजर और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। एसडीओ प्रभाकर मिर्घा ने बीएलओ और सेक्टर मजिस्ट्रेट से सभी मतदान केन्द्रों पर मुलभुत सुविधाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा की मतदान की तैयारी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी तैयारी मतदान से पहले कर लें। सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक तत्परता निर्वाचन कार्य करें। मतदान के दिन कोई परेशानी न हो इसके लिए दस-दस वोलेंटियर का चयन करें। वोलेंटियर किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुड़ा नहीं हो। उन्होंने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए गांव - गांव में स्वयं सहायता समूह के महिला के सहयोग से स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी, मशाल जुलूस निकाल कर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।



### दो मतदान केंद्र पर पेयजल की समस्या

मध्य विद्यालय आमवाडीह स्थिति मतदान केंद्र संख्या 51,52 और मध्य विद्यालय खोनहर स्थिति मतदान केंद्र संख्या 69,70 पर पेयजल की समस्या से सम्बंधित बीएलओ ने एसडीओ को अवगत कराया। एसडीओ प्रभाकर मिर्घा ने पीएचडी विभाग को पत्र प्रेषित कर दोनों विद्यालयों में खराब पड़े चापानल की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ सावित्री कुमारी,सीआई नागेन्द्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, बीपीआरओ सुरेश राम, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार,कनिय अभियंता आनंद कुमार, बीपीओ दीपक जयसवाल, राजीव कुमार,पंचायत सचिव नवल किशोर यादव, आदित्य कुमार,जितेन्द्र कुमार,बीएलओ रानी देवी, अणु देवी, अनीता देवी, संगीता देवी, निर्मला देवी, ऊषा देवी, सोनी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हर बूथ के लिए 10-10 वॉलिंटियर्स की बहाली करना सुनिश्चित कर लें

**डंडई ।** जिला ई मैनेजर मनीष कुमार और एईआरओ जागो महतो ने संयुक्त रूप से बुधवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट और सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के द्वारा उन्हें कई तरह का टास्क दिया गया। इस दौरान उनके द्वारा 6 बिंदुओं पर बैठक में भाग लेकर कर्मियों को जानकारी दी गई। इससे पहले सभी बूथों के बारे में उनसे पदाधिकारियों ने जानकारी हासिल करने का काम किया गया। उसके बाद छह प्रपत्र पर उन्हें विस्तृत जानकारी दी गई। पहला प्रपत्र में 1 अप्रैल से 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले व्यक्तियों को हर हाल में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, दूसरा डोर टू डोर लोगों के घरों तक पहुंच उन्हें मतदान के बारे में प्रेरित करना, तीसरा सभी बूथों पर साफ सफाई के साथ-साथ संसाधनों को मुकम्मल व्यवस्था करने कि उन्हें जानकारी दी गई। वही गांव व देहात में जुलूस निकाल लोगों को मतदान को लेकर जागरूक करने की भी बात उक्त पदाधिकारियों के द्वारा कर्मियों को कहा गया। मौके पर ई मैनेजर ने कहा कि मतदान की तैयारी में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । सभी तरह की तैयारी मतदान की तिथि से पूर्व ही सभी लोग निश्चित रूप में कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो उस लिहाज से हर बूथ के लिए 10-10 वॉलिंटियर्स की भी बहाली करना सुनिश्चित कर लें। वहीं बीडीओ ने सभी बीएलओ और पर्यवेक्षक को कहा कि तत्परता के साथ अब सभी लोग चुनाव कार्य में जुट जाएं। साथ ही कहा कि चुनाव कार्य में राजनीतिक दल से ताल्लुकात रखने वाले किसी भी व्यक्ति को जगह अपने करीब जगह नहीं दें।

## डीलरों को ससमय राशन वितरण व मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश



**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार में बुधवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्घा और बीडीओ सावित्री कुमारी ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। उक्त बैठक में एसडीओ प्रभाकर मिर्घा ने सभी डीलरों को ससमय गोदाम से राशन का उठाव करने और लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने डीलरों को राशन वितरण करते समय लाभुकों को 13 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा। ताकि मतदान की प्रतिशत बढ़ सके और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। इस दौरान डीलरों ने एसडीओ और बीडीओ से पौश मशीन का बैट्री डिस्चार्ज होने, पीएमवाइजी का कमिशन नहीं मिलने, और डोर टू स्टेप डिलीवरी का भडा. नहीं मिलने की शिकायत की।इस पर एसडीओ और बीडीओ ने डीलरों को आश्वासन दिया।इस मौके पर डीलर बिकर्मा सिंह,मेराजुद्दीन अंसारी, बेलास बैठा, धर्मेन्द्र सिंह, रवि राम, चंदू पासवान, सुनील कुमार,राम प्रसाद राम, चंद्रदेव बैठा,साकिर अंसारी , महेंद्र पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : संजय

**श्री बंशीधर नगर ।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। उन्होंने प्रत्येक बीएलओ को 10-10 फार्म 6 भरने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बीएलओ का जीरो एंट्री नहीं होना चाहिए। ऐसा नही होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फॉर्म 12(घ) के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वैसे लोग जो मतदान के दिन उपस्थित नहीं रहते हैं या मतदान केंद्र पर जाने में सक्षम नही है, वैसे लोगों का फॉर्म 12 (घ) भरकर जमा करना है।उन्होंने सभी बीएलओ को अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव पाठशाला का आयोजन कर उसका फोटो भेजने का निर्देश दिया।उन्होंने सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथों पर मूलभूत सुविधाओं यथा शौचालय की साफ सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था से संबंधित सूचना उपलब्ध कराना है उन्होंने बताया कि इस बार सभी पोलिंग पार्टिया अपने-अपने बूथों पर ही रुकेंगे, इसलिए उनके लिए शौचालय, बिजली व पानी की व्यवस्था प्रत्येक बूथ पर किया जाना आवश्यक है। उनकी सूची बनाकर अपने-अपने पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप जिसमें 4 स्वयंसेवक, सेविका, सहायिका, एएनएम, सहिया, मनरेगा मेट शामिल है, को मिलकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यह अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही किया जायेगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता, जीपीएस विकास जायसवाल, बीएलओ पर्यवेक्षक बिरेन्द्र कुमार सिंह, सीमा कुमारी, सरौती कुमारी, नंद कुमार मेहता, अमन केशरी, प्रशांत कुमार, कौशल कुमार, अशोक, जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार, राजस्व कर्मचारी शम्भू राम, जुगेश कुमार, ज्ञान चंद केशरी, बबीता, सुनीता, संगीता देवी सहित सभी बीएलओ उपस्थित थे।



## श्रीराम लला मंदिर परिसर में नवरात्र के प्रथम दिन से श्रीरामचरित्र मानस कथा हुआ प्रारंभ

# शक्ति पर धर्म की विजय के प्रतीक हैं राम : श्रीकृष्णकांत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** श्री राम लला मंदिर परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिन से श्री रामचरित्र मानस कथा प्रारंभ हुआ। श्रीधाम वृन्दावन से पधारे प्रकांड विद्वान युवा आचार्य पंडित श्री कृष्णा कांत जी महाराज ने प्रथम दिन के कथा में कहा कि रावण शक्ति का प्रतीक था जबकि भगवान राम धर्म के। शक्ति पर धर्म का विजय ही राम हैं। राम की पूजा इसलिए की जाती है वह गुण हैं। सदगुण से समावेशित भगवान राम को यदि याद करते हैं सारे दुर्गुण समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए पहले अपने मन की गंदगी को साफ करना होगा, जिस तरह से हम घर की गंदगी को साफ करने के लिए अपने आंगन में झाड़ू लगाते हैं, बर्तन को धोते हैं। इस तरह मन को पवित्र करने के लिए भी पहले अपने मन की गंदगी को दूर करना होता है। इसके लिए भगवान भक्ति को हमारे पास भेजते हैं और भक्ति जब हमारे मन को साफ कर देती है तब भगवान राम का हमारे हृदय में प्रवेश होता है। कथा के प्रथम दिन श्री राम लला मंदिर समिति के उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, सचिव धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार गोंड, कार्यालय मंत्री धनंजय ठाकुर, मुख्य यजमान दिलीप कमलापुरी, सदस्य जितेंद्र कमलापुरी, मदन कमलापुरी ने आचार्य श्री को माला पहनकर उनका स्वागत किया एवं मंच पर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के कई पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में धर्म अनुरागी भाई बहने उपस्थित थे। आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद प्रथम दिन की कथा का समापन हुआ।




### राम को अपने हृदय में बसाने से मन पवित्र रहता है

आपकी दृष्टि आपके व्यवहार, आपके चाल-चलन, आपके एक-एक गतिविधि दूसरों को कष्ट न दे। बल्कि उनके सदकार्यों में सहायता प्रदान करे। आचार्य जी ने कहा कि भगवान राम में मातृत्व की दृष्टि थी और इस मातृत्व के आधार पर उन्हें सर्वत्र स्वीकार किया गया। मातृत्व के भाव हम सब में आए इसके लिए ही है। हम राम की आराधना करते हैं। मातृत्व का भाव संपूर्ण सनातनी समाज में आ जाए तो फिर यहां की मां,बहने, बेटियां सुरक्षित हो पाएंगी। आसुरी शक्तियां उन्हें परेशान नहीं करेंगी, क्योंकि आपके पास धर्म की ध्वजा है, जो राम के रूप में आपके हृदय में वास कर रहा है। भगवान राम का निवास आपके हृदय में होने से आपका मन पवित्र हो जाता है एवं आप पर संपूर्ण हिंदू समाज एवं प्रकृति का पूर्णतः विश्वास जाग जाता है। ऐसी स्थिति में आप किसी भी परिस्थिति में गलत नहीं कर पाते हैं। क्योंकि आपके हृदय में स्वयं भगवान बैठे होते हैं।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक



**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार एवं बीडीओ रविंद्र कुमार ने बीएलओ, सुपरवाइजर और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार ने बीएलओ और सेक्टर मजिस्ट्रेट से सभी मतदान केन्द्रों पर मुलभुत सुविधाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान की तैयारी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी तैयारी मतदान से पहले कर लें।सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक तत्परता निर्वाचन कार्य करें। मतदान के दिन कोई परेशानी न हो इसके लिए दस - दस गावँ के लोगों को वोलेंटियर्स के रूप में चयन करें। वोलेंटियर किसी भी राजनीतिक पार्टी से संबंधित नही होना चाहिए। इस मौके पर अंचलाधिकारी सुनील कुमार, बीपीआरओ उमेश कुमार, मास्टर ट्रेनर राजीव रंजन द्विवेदी, नीरज कुमार दुवे सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं सभी बीएलओ मौजूद थे।

